तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 28 मार्च 2026



11 जवांरा विसर्जन में शामिल हुए ग्रामीण





12 रामनवमी के हवन में शामिल हुए ग्रामीण






# नवीन आपराधिक कानूनों के तहत ई-साक्ष्य और ई-समंस पर विशेष प्रशिक्षण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नवीन आपराधिक कानून के प्रावधानों के तहत ई-साक्ष्य एवं ई-समंस के उपयोग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 मार्च को आयोजित किया गया है। जिले में अभियोजन अधिकारियों एवं कार्यरत कोर्ट मोहर्रिर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। विवेचना के दौरान ई-साक्ष्य एवं ई-समंस के प्रभावी उपयोग के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रोजेक्टर के माध्यम से पोर्टल के उपयोग की तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। 28 मार्च को सायं 5 बजे से पुलिस कार्यालय सभा कक्ष बलौदाबाजार में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में नवीन आपराधिक कानून के प्रावधानों के अंतर्गत ई-साक्ष्य एवं ई-समंस के महत्व तथा विवेचना में इनके प्रभावी उपयोग के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा द्वारा यह बताया गया कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से उपलब्ध ई-साक्ष्य अपराधों की विवेचना को सुदृढ़ बनाते हैं तथा न्यायालय में आरोपियों को दंडित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि विवेचना के दौरान आरोपियों एवं गवाहों के मोबाइल नंबर का सही इंद्राज किया जाए, जिससे ई-समंस जारी करने की प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाया जा सके।

## डिजिटल साक्ष्यों से मजबूत होगी विवेचना





### डिजिटल प्रक्रियाओं की दी गई जानकारी

प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षक प्रधान आरक्षक विनोद सिंह द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से ई-साक्ष्य एवं ई-समंस से संबंधित पोर्टल के उपयोग की तकनीकी जानकारी विस्तार से प्रदान की गई तथा उपस्थित अभियोजन अधिकारियों एवं कोर्ट मोहर्रिरों को डिजिटल प्रक्रियाओं के संबंध में व्यवहारिक मार्गदर्शन दिया गया। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीडीपीओ गजेंद्र साहू, डीपीओ सरिता शर्मा, शासकीय अभिभाषक तामेश्वर वर्मा, अभियोजन अधिकारी राजेश कौशिक, एसडीओपी बलौदाबाजार अपूर्वा क्षत्रिय, सहायक उप निरीक्षक मनीष वर्मा, प्रधान आरक्षक नागेंद्र उपाध्याय सहित जिले में कार्यरत समस्त कोर्ट मोहर्रिर उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### धोधा के पटवारी को एसडीएम ने किया निलंबित

**बलौदाबाजार।** बिना सूचना के मुख्यालय से एक माह से अधिक समय से लगातार अनुपस्थित रहने वाले पटवारी को एसडीएम ने निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार राजस्व अनुभाग सिमगा अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 26 ग्राम धोधा के पटवारी चंद्रप्रकाश 20 फरवरी से बिना सूचना के मुख्यालय से अनुपस्थित है। अनुपस्थिति के कारण अनेक महत्वपूर्ण शासकीय कार्य प्रभावित हो रही है। पटवारी के उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के प्रतिकूल मानते हुए एसडीएम सिमगा द्वारा पटवारी चंद्रप्रकाश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय तहसील कार्यालय सिमगा नियत किया गया है। इस अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा का कल मोहरा आगमन

**हिरमी रावन।** राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने के बाद लक्ष्मी वर्मा का प्रथम जिला आगमन 29 मार्च रविवार को निर्धारित किया गया है। उनके आगमन को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है और कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे रायपुर से प्रस्थान कर सुबह 10.30 बजे ग्राम मोहरा पहुंचेंगी। इसके बाद 11 बजे हिरमी, 11.30 बजे कोथरौद, 12 बजे भटभेरा, 12.30 बजे बुडगहन, 1 बजे सुहेला, 1.30 बजे पड़कीडीह, 2 बजे चंडी, 2.15 बजे सेमहाराडीह, 2.30 बजे रिसदा होते हुए दोपहर 3 बजे मोहरा पहुंचेंगी।इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वागत करने की अपील की गई है। आयोजन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### नगर में खोला गया प्याऊ घर



**लवन।** भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ बलौदा बाजार द्वारा भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्व. रामकुमार साहू पूर्व उपाध्यक्ष भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ बलौदाबाजार के स्मृति में उनके पुत्र तारेश साहू के सहयोग से जड़ा तालाब के पास प्याऊ घर खोला गया। इसका उद्घाटन सेजस विद्यालय लवन की प्राचार्य हरिशंकर जोशी एवं स्थानीय संघ भारत स्काउट गाइड के सदस्य पारस ताम्रकार द्वारा किया। इस अवसर ▶▶ शेष पेज 10 पर

## आगजनी : गिरौदपुरी धाम में लगी भीषण आग, जनहानि नहीं

# 3 सिलेंडर ब्लास्ट, 16 दुकानें जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले स्थित गिरौदपुरी धाम में शुक्रवार सुबह 7 बजे एक बड़ी आगजनी की घटना सामने आई। संत गुरु घासीदास की तपोभूमि माने जाने वाले इस धार्मिक स्थल के मंदिर परिसर के बाहर लगी झोपड़ीनुमा दुकानों में अचानक आग भड़क उठी, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने से 3 सिलेंडरों में ब्लास्ट भी हुआ।

स्थित गिरौदपुरी धाम में शुक्रवार सुबह भीषण आग लगने से 16 अस्थायी दुकानें जलकर खाक हो गईं। हादसे में 3 सिलेंडर ब्लास्ट हुए, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई।



### ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी बनी आग का कारण

ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलने के बाद लगी आग स्थानीय लोगों के अनुसार, मंदिर परिसर के पास लगे एक ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलने के बाद आग भड़की। बताया जा रहा है कि किसी बंदर की हलचल के कारण तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ जिससे आग लगी और तेजी से फैलती चली गई।

### लाखों का हुआ नुकसान

इससे दुकानदारों को लाखों का नुकसान हुआ है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 7 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते मंदिर के बाहर स्थित करीब 16 अस्थायी दुकानें इसकी चपेट में आ गईं और पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। दुकानों में रखे सामान खाद्य सामग्री पूजन सामग्री और अन्य वस्तुएं भी आग में नष्ट हो गईं।

# मोटरसाइकिल लूटने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



थाना सिमगा पुलिस ने खंडवा मोड़ के पास हुई मोटरसाइकिल लूट की गुत्थी सुलझाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के पास से लूटी गई मोटरसाइकिल के साथ-साथ घटना में प्रयुक्त एक अन्य वाहन भी बरामद किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 5 मार्च को अपने दोस्त की मोटरसाइकिल मांग कर खण्डवा मोड़ तरफ गया था। इसी दौरान 4 अज्ञात आरोपियों द्वारा प्रार्थी की मोटरसाइकिल को लूट लिया। रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध कायम कर धारा 309(4) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही प्रारंभ करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का गहन अवलोकन ▶▶ शेष पेज 10 पर

### लूटी गई मोटरसाइकिल बरामद

प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपियों से लूट का मोटरसाइकिल बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त एक अन्य मोटरसाइकिल भी जब्त कर सभी चारों आरोपियों बॉबी गेण्डरे 24 वर्ष निवासी ग्राम खण्डवा थाना सिमगा, मिथलेश धृतलहरे 19 वर्ष निवासी ग्राम खण्डवा थाना सिमगा, विकास गेण्डरे 18 वर्ष निवासी ग्राम खण्डवा थाना सिमगा एवं आकाश ध्रुव 18 वर्ष निवासी ग्राम भूमिया सांकरा थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें जेल दाखिल किया गया है।

# एक्सपायरी डेट देखकर ही सामग्री खरीदें उपभोक्ता, किया सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



नगर के आजाद चौक में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में नगरवासियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया गया।

- नगर में लगा उपभोक्ता जागरूकता शिविर, ई-जागृति पोर्टल और अधिकारों की दी जानकारी

जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष रंजना दत्ता,सदस्यगण शारदा सोनी एवं हरजीत सिंह चावला ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को गुमवतापूर्ण वस्तु एवं सेवाएं प्राप्त करना उनका कानूनी अधिकार है। उपभोक्ताओं को किसी बस्तु की कीमत एवं गुणवत्ता की जांच, मात्रा की जांच सेवा संविदा रातें, बीमा, मेडिकल क्लेम फाइनेंस कंपनियों एवं बैंक, यातायात वाहन, आनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए। किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी, मिलावट, अधिक मूल्य वसूली वा सेवा में कमी की स्थिति में उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। नगरवासियों को ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा ई-हियरिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। ई जागृति एवं ई हियरिंग से अव उपभोक्ता पर बैठे ही डिजिटल माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं तथा सुनवाई में भी ऑनलाइन शामिल हो सकते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है।

शिविर में नगरवासियों को दैनिक जीवन में सतर्कता बरतने की अपील करते हुए बताया गया कि किसी भी वस्तु को कम करते समय उसकी अवसान तिथि/एक्सपायरी डेट एमआरपी गुणवता चिन्ह (आईएसबाई एवं एगमार्क आदि) का अवलोकन अवश्य करें। क्रय की गई प्रत्येक वस्तु का पड़ा बिस लेना अनिवार्य बताया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाएं एवं अन्य नगरवासियों के प्रथों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

## नगर में रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्रा

# शिव-पार्वती विवाह की झांकी में अद्भुत संगम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

रामनवमी की पूर्व संध्या पर सिद्धेश्वर युवा मंच के तत्वावधान में नगर में भव्य धार्मिक आयोजन का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर निकाली गई शिव-पार्वती विवाह झांकी एवं अघोरियों की विशेष प्रस्तुति ने पूरे नगर का माहौल भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कसडोल विधायक संदीप साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, मनीष चंद्राकर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, शेखर वर्मा, लेखु वर्मा, नारायण धीवर, कुमार धीवर गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा अघोरियों द्वारा प्रस्तुत शिव-पार्वती विवाह एवं शिव तांडव। अघोरियों ने भगवान शिव के विविध रूपों और लीलाओं का जीवंत प्रदर्शन किया। शिव-पार्वती विवाह की झांकी में पारंपरिक विधि-विधान के साथ विवाह का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके साथ ही ▶▶ शेष पेज 10 पर

### जनप्रतिनिधियों ने सराहा

विधायक संदीप साहू ने कहा कि पलारी की जनता की धार्मिक आस्था और उत्साह अद्भुत है, यह आयोजन पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से नगर में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारा बढ़ता है।हितेंद्र ठाकुर ने कहा ऐसे आयोजन हमारी समृद्ध धार्मिक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवाओं द्वारा इस तरह की पहल सराहनीय है, जिससे आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति और आस्था से जुड़ने का अवसर मिलता है।शाम 6 बजे ठाकुर देव चौक से प्रारंभ हुई झांकी का नगर भ्रमण हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली, जगह-जगह पुष्प वर्षा और स्वागत किया गया।




**खबर संक्षेप**



## गायत्री शक्ति पीठ खैरा में देव पूजन व 5 कुंडीय महायज्ञ कल से

**महासमुंद।** गायत्री शक्ति पीठ खैराभाठा सितली नाला के पास 29 एवं 30 मार्च को देव पूजन व 5 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है। 29 मार्च रविवार को शाम 4 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। 30 मार्च 2026 सोमवार प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक सामूहिक जप साधना, प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक देव पूजन एवं 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार, सायं 5 बजे 7 युगऋषि का संदेश एवं एवं दीप यज्ञ के साथ समापन होगा। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

## अप्रैल, मई एवं जून में राजस्व पखवाड़ा आयोजित

**महासमुंद।** राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम प्रत्येक माह अप्रैल, मई एवं जून 2026 में 15-15 दिन के लिए आयोजित किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा 2026 की कार्ययोजना के तहत अप्रैल माह में 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक, मई माह में 04 मई से 18 मई 2026 तक तथा जून माह में 01 जून से 15 जून 2026 तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं राजस्व विभाग को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों में राजस्व पखवाड़ा का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया जाए।

## जगदलपुर में तार मिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक

**महासमुंद।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) जगदलपुर द्वारा आगामी जुलाई माह 2026 में तार मिस्त्री परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा प्रतिवर्ष की तरह आयोजित की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। यह परीक्षा विशेष रूप से बस्तर, कोंडागांव, कांकेर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, धमतरी एवं महासमुंद जिले के उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जाएगी।

## एकलव्य स्कूल में लेटरल एंट्री के लिए 20 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश लिया जाना है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 7वीं एवं कक्षा 11वीं (सीबीएसई पाठ्यक्रम, अंग्रेजी माध्यम) में रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कक्षा 7वीं में बालक वर्ग के लिए 1 सीट तथा कक्षा 11वीं में बालक वर्ग के लिए कुल 7 सीटें रिक्त हैं। इच्छुक विद्यार्थी 01 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

### 700 मीटर दूर स्कूल में मर्ज करने का विरोध

# युक्तियुक्तकरण के फैसले से प्राथमिक स्कूल खम्हरिया का अस्तित्व संकट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में जारी युक्तियुक्तकरण के आदेश ने विकासखंड बिलाईगढ़ के अंतर्गत आने वाली शासकीय प्राथमिक शाला खम्हरिया के भविष्य पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। शासन के आदेश क्रमांक एफ 02-24/2024/20 के तहत इस स्कूल को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में मर्ज (विलय) कर दिया गया है, जिसका अब स्थानीय स्तर पर विरोध शुरू हो गया है।

ग्रामीणों और स्कूल प्रबंधन का कहना है कि जिस स्कूल को मर्ज किया जा रहा है, उसकी स्थापना वर्ष 1954 में हुई थी। वर्तमान में यहां 43 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। सबसे बड़ी समस्या दूरी को लेकर है। प्राथमिक शाला से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की दूरी लगभग 700 से 800 मीटर है। छोटे बच्चों के लिए इतनी दूर




जाकर पढ़ाई करना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है।

स्कूल के प्रधान पाठक आरके साहू ने चर्चा के दौरान बताया कि विलय के इस निर्णय से स्कूल कई तरह की समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय की वार्षिक अनुदान राशि रोक दी गई है, जिससे स्कूल के संचालन में बाधा आ रही है।

युक्तियुक्तकरण के नाम पर यहां के एक शिक्षक का स्थानांतरण अन्यत्र कर दिया गया है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को लिखित सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है।

हैरानी की बात यह है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया के परिसर में पहले से ही एक प्राथमिक शाला संचालित है, जिसे भाठा खम्हरिया के नाम से जाना जाता है। ऐसे में 700-800 मीटर दूर स्थित पुरानी प्राथमिक शाला को इसमें मर्ज करना तर्कसंगत नहीं लग रहा है।

### शासन से सुधार की मांग

शाला प्रबंधन और स्थानीय नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि स्कूल के पुराने स्वरूप और बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का त्वरित समाधान किया जाए। 72 साल पुराने इस संस्थान के अस्तित्व को बचाने के लिए युक्तियुक्तकरण के इस फैसले पर पुनर्विचार की आवश्यकता जताई गई है।



### श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** ग्राम लाफ़निखुर्द में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने भागवत भगवान व भगवताचार्य यामिनी देवी का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि भागवत रूपी अमृत कथा का श्रवण अपने आप में मोक्ष का द्वार है। भागवत के आयोजन करने वालों को सहस्त्रों यज्ञ का पुण्य मिलता है। हमारा सौभाग्य है कि भागवत भगवान की पूजा व कथा श्रवण करने का पुण्य अवसर मिला है।



### श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम रायतुम में प्रवीण साहू के यहां आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। कथावाचक आकाश मिश्रा ने कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से पाप से मुक्ति मिलती है। जिस स्थान पर कथा होती है, वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवन नाम के जाप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए। भगवान कृष्ण ने कहा है कि कर्म ही प्रधान है, बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है व बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है। उन्होंने कहा कि एक मार्ग दमन का है तो दूसरा उदारीकरण का। दोनों ही मार्गो में अधोगामी वृत्तियां निषेध हैं। जैसे की गोकर्ण ने कथा कही, किन्तु उसके दुराचारी भाई धुंधकारी ने मनोयोग से उसे सुना तो मोक्ष प्राप्त हो गया। भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए, आत्मा तृप्ति नहीं होती है।



### नगर में निकाली गई 51 मीटर की चुनरी यात्रा

**महासमुंद।** जय मां भवानी दूर्गा पूजा समिति अंबेडकर चौक द्वारा नगर की कुल देवी माता महामाया मंदिर में चुनरी श्रृंगार चढ़ाने के लिए बाजे गाजे, आतिशबाजी एवं जस गीत के साथ चुनरी यात्रा निकाली गई। 51 मीटर चुनरी को मातृ शक्ति लेकर चल रहे थे। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने यात्रा में शामिल होकर पूजा अर्चना की। और कहा कि लगातार पांच वर्षों से चैत्र नवरात्र में नगर की महामाया माता को निःस्वार्थ भाव से चुनरी यात्रा निकालकर चढ़ाते हैं। यह यात्रा अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर नेहरू चौक, गांधी चौक, महामाया चौक होते हुए महामाया मंदिर पहुंची। जहां सैकड़ों भक्तों माता को चुनरी श्रृंगार अर्पित कर पूजा अर्चना की। इस दौरान समिति के राकेश मदनकार, दीपक सोनी, बुलु सेवई, सुरेश सोनवानी, शुभम सोनी, देवेश अमन मदनकार, मोनू औसर, रज्जू देवांगन, कान्हा सोनी, बिट्टू, पीयूष, सोनू ध्रुव नीलू आद मौजूद रहे।

# श्री गोदड़ीवाला धाम में 'मुखी' चयन के लिए चुनाव की तिथि घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

स्थानीय श्री गोदड़ीवाला धाम में आगामी (द्विवार्षिक) मुखिया चयन के लिए चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। चुनाव अधिकारी रूपेश किंगरानी ने आगामी चुनाव की विधिवत घोषणा करते हुए पूरी समय-सारणी जारी कर दी है। पंचायत के संविधान के अनुरूप इस बार भी चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

चुनावी कार्यक्रम की मुख्य तिथियां में नामांकन पत्र वितरण एवं जमा प्रत्याशी 20 से 22 अप्रैल तक अपने नामांकन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकेंगे। इसके लिए संध्या 7 से 9 बजे का समय निर्धारित किया गया है।

नाम वापसी में यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहता है, तो वह 23 अप्रैल को संध्या 7 से 9 बजे के बीच अपनी दावेदारी वापस ले सकता है।

वैद्य प्रत्याशियों की सूची चुनावी मैदान में डटे अंतिम प्रत्याशियों की जानकारी 24 अप्रैल को प्रातः 9 बजे सार्वजनिक की जाएगी। मतदान यदि पद के लिए एक से अधिक उम्मीदवार होने पर मतदान की आवश्यकता पड़ती है, तो 26 अप्रैल को संध्या 7 से 9 बजे के बीच मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि नामांकन से लेकर मतदान तक की समस्त प्रक्रिया श्री गोदड़ीवाला धाम, भाटापारा में ही संपन्न होगी। चुनाव में केवल उन्हीं व्यक्तियों को भागीदारी की पात्रता होगी, जिनका नाम पंचायत के संविधान अनुसार 'पंचाणा' जमा की गई सूची में शामिल हैं। चुनाव अधिकारी रूपेश किंगरानी ने सभी सम्मानित सदस्यों से इस निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सहयोग की अपील की है।

■ 20 अप्रैल से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया

### गिधली हर घर जल ग्राम के रूप में प्रमाणित

# घर में पेयजल की सुविधा से समय का हो रहा है सदुपयोगः रेखा भोई

**महासमुंद।** जिले के बसना विकासखंड के ग्राम गिधली में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना ने ग्रामीणों के जीवन में खुशहाली लाई है।

ग्रामीण बताते हैं कि गांव के लोगों की सुबह की दिनचर्या पानी की समस्या से शुरू होती थी। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए हैंडपंप और पावर पंप पर निर्भर रहना पड़ता था। गर्मी के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी, जब पानी के स्त्रोत सूखने लगते थे और लोगों को दूर-दूर तक पानी लाने के लिए जाना पड़ता था। इससे समय और श्रम दोनों की बर्बादी होती थी, महिलाओं को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। परिस्थिति में बदलाव तब आया जब जल जीवन मिशन के तहत गांव में कार्य प्रारंभ हुआ। इस योजना के अंतर्गत लगभग 100.52 लाख रुपए की लागत से एक पानी टंकी का निर्माण किया गया और करीब 4644 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई। जिससे गांव के 250 घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए गए। पहले जहां गांव में 9 हैंडपंप और 5 पावर पंप ही जल का मुख्य स्त्रोत थे। वहीं अब सभी घरों तक सीधे स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। इस सफलता में ग्राम पंचायत के सरपंच शोभित मांझी का नेतृत्व और ग्रामीणों का सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा। इसी का परिणाम है कि 17 अप्रैल 2025 को ग्राम गिधली को हर घर जल ग्राम के रूप में प्रमाणित



किया गया।

की लाभार्थी रेखा भोई बताती हैं कि पहले उन्हें पानी भरने के लिए काफी दूर जाना पड़ता था, जिससे उनका समय और मेहनत दोनों अधिक लगते थे। लेकिन अब घर में नल कनेक्शन मिलने से उन्हें आसानी से स्वच्छ पानी उपलब्ध हो जाता है। इससे उनका समय बचता है, जिसे वे अब घर और अन्य उपयोगी कार्यों में लगा पाती हैं, जिससे समय सदुपयोग हो रहा है।

## अरंड में ज्योत जंवारा का हुआ विसर्जन



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में रामनवमी पर्व पर ज्योत ज्वांरा का विसर्जन किया गया। गांव के हेम सिंह साहू व हेमप्रसाद साहू परिवार द्वारा ज्योत ज्वांरा का आयोजन किया गया था। गुरुवार 26 मार्च को महाष्टमी पर हवन पूजन यज्ञ पूर्णाहुति के पश्चात माता सेवा जसगीत के साथ ज्वांरा का ग्राम भ्रमण के पश्चात विसर्जन किया गया। इस अवसर माता सेवा समिति, महिला माता सेवा समिति सहित ग्राम के सरपंच दिगंबर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, खूबचंद दुबे, बैगा विश्वनाथ ध्रुव, शिवचरण ध्रुव, कार्तिक राम पटेल, देवराज सिंह ठाकुर, दिनेश दुबे, गंगाधर निर्मलकर, लखन पटेल, पुनीत देवगन, उमा राम, हेम सिंह ध्रुव, मन्नू राम ध्रुव, कौतुक पटेल, नारद साहू, विक्की साहू, भगवंतीन बाई, धनेश्वरी बाई, ममता साहू, चुनेश्वरी बोधनी, कोमल, लीला, जीराबाई ध्रुव, ईश्वरी बाई ध्रुव, सुकून बाई ध्रुव, लक्ष्मी बाई, दशरोतीन बाई ध्रुव, बीरम बाई, मथुरा बाई ध्रुव आदि मौजूद रहे।

## हितग्राहियों को शीघ्र पेंशन राशि जारी करे प्रदेश की भाजपा सरकार

**महासमुंद।** पालिका क्षेत्र के पेंशन हितग्राहियों को विगत



चार महीने से पेंशन नहीं मिल पाने से उन्हें आर्थिक परेशानी हो रही है। उक्त समस्या के समाधान की मांग करते हुए पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि गत 4 महीनों से हजारों पेंशन हितग्राहियों को उनकी राशि नहीं मिल पा रही है। जिससे लोगों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सरकार का ध्यान आकर्षित कर बताया है कि नगर पालिका क्षेत्र में विधवा पेशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेशन,समाजिक पेंशन, सुखद सहारा आदि पेंशन के लिए सरकार ने राशि जारी नहीं की है जिसके कारण पिछले चार-पांच महीनों से हितग्राहियों को पेंशन नहीं मिला है। जिसके कारण पेंशनर भारी समस्याओं से जूझ रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र में वृद्धा पेंशनरों को माह नवंबर 2025 के बाद से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशनरों को दिसंबर 2025 के बाद अन्य पेंशनरों को माह नवम्बर 2025 के बाद से पेशन नहीं मिला है। इनमें से अधिकत्तर ऐसे हितग्राही हैं, जिनकी आजीविका पेंशन पर ही निर्भर है। उन्होंने यह बताया है कि पेंशन न मिलने के कारण आम लोगों का भाजपा की गारंटी पर से विश्वास उठने लगा है। राज्य सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल हो रही है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

## पीएमश्री सेजेस तुमगांव के छात्रों ने किया पंचजय फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड का भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री सेजेस तुमगांव स्कूल के कक्षा 6 और 7 के बच्चे पंचजय फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड बिरकोनी गए। इस भ्रमण में बच्चों को चिप्स, मिक्चर और कुरकुरे जैसे स्नैक्स कैसे बनाए जाते हैं, यह दिखाया गया। दौरे में प्रधानाचार्य देवेंद्र अगलावे के नेतृत्व में शिक्षक सिद्धांत गायगौरे, सत्यम पांडे, सागर झा, नवीन दास, जय टंडन और सुषमा गिलहरे भी साथ थे। बच्चों ने चिप्स, मिक्सचर और कुरकुरे बनाने की पूरी प्रक्रिया देखा। आलू काटना, तलना, मसाला लगाना, पैकिंग करना और गुणवत्ता जांचना। फैक्ट्री की नई मशीनें और साफ-सफाई का तरीका जाना। कामगारों से बात कर पता किया कि अच्छा सामान बनाने के लिए क्या करना पड़ता है। भ्रमण के अंत में प्रधानाचार्य देवेंद्र अगलावे ने बच्चों को प्रेरणा दी।

# गबन मामला; धान खरीदी केंद्र कुरचुंडी का प्रभारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

कृषि साख सहकारी समिति कुरचुंडी में हुए धान खरीदी गबन मामले में एफआईआर दर्ज होने के पश्चात फरार प्रभारी क्षमानिधि साव को बसना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बता दें कि तहसीलदार के निर्देशानुसार राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं मंडी की संयुक्त जांच टीम द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया था। भौतिक सत्यापन के दौरान 3325 बोरी धान की कमी पाई गई थी। कुरचुंडी धान खरीदी प्रभारी के विरुद्ध बसना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(5) के तहत मामला दर्ज किया गया था। उल्लेखनीय है कि जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और किसान हितैषी बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए लगातार कड़ी और निर्णायक कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर धान उपार्जन केंद्र कुरचुंडी में प्रशासन द्वारा गठित जांच दल की विस्तृत जांच प्रतिवेदन में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि धान खरीदी प्रभारी क्षमानिधि साव द्वारा धान खरीदी नीति 2025–26 का घोर उल्लंघन करते हुए केंद्र के धान स्टॉक में 3325 बोरी धान की कमी की गई थी। यह कमी कुल 1330 क्विंटल धान की है, जिसका समर्थन मूल्य 31,50,770 रुपए, कृषक उन्नति योजना राशि 9,72,230 रुपए बाजार आंकी गई है।

■ भौतिक सत्यापन के दौरान 3325 बोरी धान की पाई गई थी कमी



### समिति में धान खरीदी को लेकर जीरो करने के एवज में खपाया जा रहा धान

सबसे अहम पहलू यह है कि धान खरीदी केंद्र कुरचुंडी में धान की कमी को पूरा करने के लिए बाहर ओडिशा से लाकर धान लगातार खपाया जा रहा है, इससे साफ जाहिर होता है कि खरीदी प्रभारी और डाटा ऑपरेटर की भूमिका संदिग्ध है। धान खपाए जाने के संबंध में समिति प्रबंधक, ऑपरेटर ने कहा कि समिति को जीरो करना है, इसलिए धान लाकर भरपाई कर रहे हैं।

अपुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार धान खरीदी केंद्र कुरचुंडी मामले में डाटा ऑपरेटर की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। भारी मात्रा में धान की कमी यानि किसानों के पट्टे पर बगैर धान के एंट्री किया जाना ये बहुत बड़ा खेल है। समिति प्रभारी और डाटा ऑपरेटर की मिलीभगत से ही यह संभव हो पाया है। सूक्ष्मता से इसकी जांच होती है तो सच सामने आ जायेगा और डाटा आपरेटर के शामिल होने का सच सामने आ जायेगा।

## पेज 9 के शेष

### मोटरसाइकिल लूटने वाले...

किया गया। साथ ही मुखबीर के माध्यम से भी आरोपियों के संबंध में पता तलाश किया गया। इसी बीच विश्वस्त संपर्क सूत्रों के आधार पर 4 संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी का मोटरसाइकिल लूट करना स्वीकार किया गया।

### नगर में खोला ...

पर चूड़ामणि सिंघम, विजय बर्वे आदि सम्माननीय गण उपस्थित थे। विकासखंड सचिव चूड़ामणि वर्मा द्वारा इन्हें स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। इस नेक कार्य के लिए अतिथियों द्वारा भारत स्काउट गाइड एवं तारेस साहू को स्व. रामकुमार साहू के पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रशंसा की। इस कार्य में स्काउटर नरेंद्र कुमार वर्मा, मथुरा प्रसाद वर्मा, लहाराम मनहरे, चंद्रकांत वर्मा, पारसनाथ वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, डिगेश कुमार साहू, ओमेश साहू, सुरेश कुमार साहू का विशेष योगदान रहा।

### शिव-पार्वती विवाह...

अघोरियों द्वारा किया गया शिव तांडव नृत्य दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचकारी रहा। भस्म रमाए, जटाधारी स्वरूप में अघोरियों ने डमरू और त्रिशूल के साथ शिव तांडव प्रस्तुत किया, जिसमें भगवान शिव की शक्ति, ऊर्जा और विनाश-सृजन के स्वरूप को दर्शाया गया। इसके अलावा अग्नि के साथ करतब, कठिन साधना के प्रदर्शन और विभिन्न आध्यात्मिक क्रियाओं ने लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया।

इसी क्रम में झांकी में भगवान राम, माता सीता, हनुमान एवं लक्ष्मण के स्वरूप में सजे बच्चों विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इन बच्चों ने अपने जीवंत अभिनय और पारंपरिक वेशभूषा से सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया, और झांकी को और भी भावपूर्ण एवं आकर्षक बना दिया।

उक्त अवसर पर सिद्धेश्वर युवा मंच के अध्यक्ष सौरभ वर्मा, साधराम साहू, शेरखान, हर्षू वर्मा, शिवम मिश्रा, हर्षवर्धन वर्मा, खोमेश वर्मा, पुनीत रजक, गोलू वर्मा, तिलक बंजारे, नितिन वर्मा, अरुण बंजारे, राघव रजक, तुषार, अंकित जोशी, रामकुमार यादव, गोवर्धन यादव, राजू वर्मा, ईश्वर साहू, तोषण साहू, गोपाल यादव, कमलेश पंजवानी, अमन, सिनू, देवबन, राकेश साहू, सुल्तान, अंशु साव, सहित भारी संख्या में युवा उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मोहरा के जवाहर लाल बने किसान मोर्चा के जिला मंत्री



**हिरमी-रावन।** जिले में किसान मोर्चा के जिला मंत्री के रूप में मोहरा के सरपंच प्रतिनिधि जवाहर लाल वर्मा की नियुक्ति की गई है। इस नियुक्ति से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जवाहर लाल वर्मा ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे किसानों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। वहीं, कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम बनसिवनी में कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पंचराम ऊर्फ पंचू ध्रुव पिता सालिक ध्रुव (45 साल) बनसिवनी के कब्जे से कुल 20 लीटर महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### मनरेगा मजदूर की मौत, सहायता राशि की मांग

**धमतरी।** मनरेगा में काम करते वक्त मनरेगा मजदूर की मौत के मामले में परिजन सहायता राशि के लिए भटक रहे हैं। मृतिका के पति ने कलेक्टर से सहायता राशि दिलाने की मांग की है। कुरूद तहसील के ग्राम चरमुड़िया निवासी रामचरण पटेल ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि उसकी पत्नी बुधियाबाई पटेल की मृत्यु 17 जून को जेठू सरोवर तालाब गहरीकरण कार्य के दौरान हो गई। मस्टर रोल क्रमांक 20545 में दिनांक 14 जून से 20 जून तक मस्टररोल जारी हुआ है। रामचरण पटेल ने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी के तहत सहायता राशि प्रदान करने की मांग की है।

### फर्जीवाड़ा : शिक्षक को मिली जमानत

**धमतरी।** जनपद पंचायत मगरलोड अंतर्गत वर्ष 2007 में हुए शिक्षाकर्मी घोटाले के आरोपी शिक्षक को न्यायालय से जमानत मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अगस्त 2007 को क्षेत्रपाल बंजारे की नियुक्ति शासकीय प्राथमिक शाला कोरगांव मगरलोड में हुई थी। शिकायत जांच अनुसार उन्होंने शिक्षाकर्मी वर्ग 3 की नौकरी पाने के लिए अनुभव एवं खेल प्रमाण पत्र का उपयोग कर अंक लाभ लिया था। शिकायत जांच के दौरान क्षेत्रपाल बंजारे ने प्रकरण से बचने के उद्देश्य से अपने गृहग्राम जांजगीर-चांपा में पोस्टिंग ले ली थी। गत दिनों पुलिस ने श्री बंजारे को शिक्षाकर्मी फर्जीवाड़ा मामले में गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया था जिसे न्यायालय ने शुक्रवार को जमानत दे दी है।

### कोड़ापार में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ आज से

**जीजामगांव।** कोड़ापार में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन वैष्णव परिवार द्वारा आज से किया गया है। कथावाचक नारायण महाराज श्रीराधे निकुंज आश्रम जंजगिरी भिलाई हैं। 28 मार्च शनिवार को कलश यात्रा, वेदी पूजन, गोकर्ण कथा, भागवत महत्तम, 29 मार्च को परीक्षित जन्म, सुखदेव का आगमन, वराह अवतार।

## पर्व : नगर में उमड़ी आस्था की लहर

# जंवारा विसर्जन बना भक्ति का महापर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



चैत्र नवरात्रि की नवमी पर ग्राम सुहेला में आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। जवारा विसर्जन का यह आयोजन न केवल धार्मिक परंपरा का प्रतीक बना, बल्कि ग्रामीण एकता और समर्पण की मिसाल भी पेश कर गया। तिगड्डा चौक से प्रारंभ हुई विशाल शोभायात्रा महामाया चौक, सतबहिनीया माता चौक होते हुए गांव के बड़े तालाब तक पहुंची। पूरे मार्ग में जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। झांझ मंजीरा और मांदर की थाप पर सेवा गीत गाते श्रद्धालु झूमते-गाते आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा गांव भक्तिमय हो गया। भक्तों ने अपने जीभ पर बना धारण किए हुए मंदार की ताप पर नाचते गाते हुए जवारा विसर्जन के लिए अपनी आस्था शक्ति एवं श्रद्धा भक्ति का अटूट पर्व को दिख रहे थे।

इस दौरान सबसे खास दृश्य महिलाओं की आस्था का रहा। सैकड़ों महिलाएं अपने सिर पर जवारा धारण कर तपती धूप में 3 से 5 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा करती नजर आईं। लगभग 40 डिग्री तापमान के बावजूद उनके चेहरे पर थकान नहीं, बल्कि भक्ति की चमक दिखाई दी। यह नजारा हर किसी को भावुक कर गया।

जवारा विसर्जन देखने के लिए गांव ही नहीं, आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। भारी भीड़ के चलते यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिसके कारण पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

ग्रामीणों का मानना है कि माता की आराधना और जवारा विसर्जन से सुख-समृद्धि और शांति का आशीर्वाद मिलता है। कठिन परिस्थितियों में भी जिस प्रकार लोगों ने अपनी आस्था को प्राथमिकता दी। वह इस आयोजन को और भी खास बना गया। यह आयोजन एक बार फिर साबित कर गया कि आस्था के सामने हर कठिनाई छोटी पड़ जाती है और जब बात मां की भक्ति की हो, तो हर कदम अपने आप शक्ति बन जाता है।



### खरोरा में ज्योत जंवारा का विर्सजन



**खरोरा।** चैत्र नवरात्रि पर शक्तिपीठों देवी मंदिरों में महा अष्टमी पर्व पर देवी का विशेष श्रृंगार किया गया तथा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना एवं हवन किया गया। शुक्रवार को मंदिरों से ज्योति कलश शोभा यात्रा निकाली गई। सभी देवी मंदिरों से जवारा विसर्जन हर्षोल्लास के साथ किया गया। जवारा विसर्जन में छोटे-छोटे बच्चे भी बाना लेकर माता सेवा गाते नाचते नजर आए। नगर में नवरात्रि पर्व के नवमी में सबसे पहले महामाया मंदिर के जवारे का विसर्जन किया गया। नगर की हजारों श्रद्धालुओं ने जवारा विसर्जन देखकर भक्तों के भक्तिभाव की प्रशंसा की।



### जंवारा विसर्जन में शामिल हुए ग्रामीण

**सेल।** गांव में कीर्तन पार्टी में जवारा विसर्जन करने के दौरान माता को अंतिम दर्शन करने के लिए जनसैलाब उमड़ा। भक्तों ने जयकारे लगाते हुए बंधवा तालाब में विसर्जन किया गया। माता को आंखों से नम किया गया।महामाया दाई मंदिर परिसर से साढ़े पांच बजे निकला गया। बेमौसम खराबी के कारण समय व्यतीत हुआ हैं। जवारा विसर्जन के मौके गुड़ी चौंक खचाखच भीड़ जुटा हुआ था गांव के महिलाओं एवं पुरुषों ने माता का विदाई के दौरान जनसैलाब उमड़ा था। रामनवमी पर्व के मौके पर जवारा को बड़े धूमधाम से नृत्य करते हुए विसर्जन किया गया है। गांव के गौटिया के घरों में माताओं का भावभीनी स्वागत कर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया। हर्षोल्लास के साथ माता का विसर्जन किया गया है। गांव के महामाया दाई का नौ दिनों तक पूजा अर्चना आराधना किया गया आज रूप से पूजा अर्चना कर आशिर्वाद लिया गया गांव के बंधवा तालाब में विसर्जन किया गया। इस मौके ग्राम पंचायत सेल के द्वारा एवं ग्रामवासी के सहयोग किया गया है। सरपंच प्रतिनिधि और पंचगण विसर्जन करने के दौरान सम्मिलित हुए थे। रामनवमी पर्व के मौके पर अधिकांश के घरों में शादी का शहनाइयां बज रहे हैं। दूल्हा ने दुल्हन के घरों में बारात गया हुआ हैं। रामनवमी पर्व पर लग्न था।

## ज्योत जंवारा का चमरी तालाब में विसर्जन



**पलारी।** शुक्रवार को नगर पलारी में श्रद्धा का सैलाब देखने को मिला। माता रानी की नौ दिन तक सेवा करने के बाद ज्योत जवारा विसर्जन किया गया। इस दौरान हजारों के तादाद में श्रद्धालु शामिल हुए। श्वेत वस्त्र धारण किये महिलाएं सिर पर ज्योत जवारा लिए मादर के धुन में झूम रही थीं। वही विसर्जन के वक्त भावुक भी हुए। नगर पलारी में कुल सात देवालय जिसमें शीतला माता, बगदाई माता, महामाया, परमेश्वरी, चंडी मंदिर, शारदा मंदिर तथा दुर्गा मंदिर के अलावा 12 घरों में मनोकामना ज्योत जवारा स्थापित की गई थी, इनके अलावा दो घरों में ज्योत प्रज्वलित की गई, जिनका गुरुवार को महा अष्टमी के दिन विधि विधान से यज्ञ कुंड में हवन पूजन की गई थी। पश्चात कन्या पूजन महाप्रसादी का आयोजन किया गया। शुक्रवार को देवालय सहित सभी मनोकामना घरों के ज्योत जवारा को चमरी तालाब में विसर्जन किया गया।

इस कार्य में नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिन्टू वर्मा, पाषर्दगण लेखु वर्मा, नेमसिंह बांधे, डोमार सिंह वर्मा, खेलावन बाई वर्मा, भूषण यादव, राधा भोला वर्मा, देवेंद्र वर्मा, नारायण धीवर, कुमार धीवर, पूर्व पार्षद गण झाडिराम कनौजे, डॉ जाल, मनीष चंद्राकर, ताजेन्द्र कनौजे, साधराम साहू सहित पिंकी देवांगन, देवा देवांगन, राजेन्द्र देवांगन, कृष्ण देवांगन, बंटी देवांगन, सौरभ वर्मा, योगी वर्मा, नरसिंग वर्मा, महेश वर्मा लगे रहे।

## महाप्रसादी वितरण में शामिल हुए विधायक संदीप साहू



**पलारी।** चैत्र नवरात्रि और दुर्गा महाष्टमी पर नगर पलारी में हर्ष और उल्लास के माहौल में जगह जगह कन्या भोज के साथ प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में धर्म प्रेमी डालेंद्र कनौजे द्वारा श्रद्धालुओं के छोले-भठूरे का प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने माता का प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कसडोल क्षेत्र के स्थानीय विधायक संदीप साहू द्वारा आदि शक्ति मां भवानी की विशेष आरती और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। माता की आराधना के पश्चात अतिथियों ने अपने हाथों से श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया।प्रसाद वितरण के दौरान विधायक संदीप साहू ने इस धार्मिक आयोजन के लिए डालेंद्र कन्नौजे के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।कार्यक्रम के अंत में विधायक ने वहां उपस्थित सभी लोगों और नगरवासियों को चैत्र नवरात्रि एवं महा अष्टमी पर्व की बधाई दीं।

माता के जयकारों और भक्तिमय माहौल के बीच यह महाप्रसादी वितरण कार्यक्रम अत्यंत शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।इस पुनीत अवसर पर नगर अध्यक्ष गोपी साहू, योगेश चन्द्राकर, विपिन बिहारी वर्मा, दुर्गा महेश्वर, हितेंद्र ठाकुर, गणेश शंकर जायसवाल, झड़ीराम कन्नौजे, यमलोक साहू, झालूराम कन्नौजे, राजेश कन्नौजे, डोमार सिंह वर्मा, जगदीश पटेल, ताजेन्द्र कन्नौजे, चूरामणि कन्नौजे, फत्ते सेन, फत्ते कन्नौजे, प्रकाश कुमार सेन, राजकुमार साहू, गोलू ग्वालानी, हरीश कन्नौजे, वैभव कन्नौजे, विभांशु कन्नौजे, सुमित तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, स्थानीय समाजसेवी, प्रबुद्धजन और भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### राम जानकी मंदिर में मनाया गई रामनवमी

**सिमगा।** रामनवमी के अवसर पर सिमगा के सरोपी तालाब स्थित श्रीराम जानकी मंदिर व चिंताहरण हनुमान मंदिर में दोपहर 12 बजे राम जन्मोत्सव कराया गया। तत्पश्चात आरती के साथ राम स्तुति का पाठ एवं पुरुष रामायण मंडली के द्वारा रामायण पाठ किया गया एवं दोपहर 3 बजे से महिला रामायण मंडली के द्वारा रामायण पाठ किया गया। शाम 6 बजे महाआरती के साथ 56 भोग का महाप्रसाद चढ़ाया गया तथा भक्तो को प्रसाद वितरित किया गया। अंत में भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया गया।





## नवरात्रि पर हुआ कन्या भोज

**बलौदाबाजार।** नवरात्रि के पावन एवं आध्यात्मिक पर्व के अवसर पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। अष्टमी पर कन्या भोज का आयोजन किया गया।

## गायत्री मंदिर के महायज्ञ श्रद्धालुओं ने डाली आहुति



**बलौदाबाजार।** लवन रोड स्थित गायत्री मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर शुक्रवार को धार्मिक आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। नौ दिवसीय अनुष्ठान के समापन पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं हवन-पूजन के साथ पूर्णाहुति कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर बलौदाबाजार सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

मंदिर परिसर में आयोजित इस महायज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कर विश्व शांति, पर्यावरण संतुलन एवं जन-कल्याण की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ-साथ विभिन्न संस्कारों का भी आयोजन किया गया इनमें दीक्षा संस्कार, पुंसवन संस्कार तथा विद्यारंभ संस्कार प्रमुख रूप से संपन्न कराए गए। इन संस्कारों में शामिल परिवारों ने वैदिक परंपराओं के अनुसार अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और संस्कारों को अपनाने का संकल्प लिया। हवन-पूजन के पश्चात मंदिर प्रांगण में कन्या भोज का आयोजन किया गया, जहां कन्याओं को विधिवत पूजन कर उन्हें श्रृंगार सामग्री भेंट की गई। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## दुर्गाष्टमी पर किया हवन, मनाई रामनवमी



**हिरमी-रावन।** गायत्री प्रज्ञा पीठ हिरमी में नौ दिवसीय सामूहिक साधना का समापन शुक्रवार को हुआ। आदिशक्ति मां भवानी के नौ रूपों की आराधना और अखंड दीपक की साक्षी में चल रही इस विशेष साधना की पूर्णाहुति वेदमंत्रों और यज्ञीय ऊर्जा के साथ की गई। भक्ति और मंत्रोच्चार से वातावरण सुबह 8 बजे से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में परिव्राजक श्यामसुंदर द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया गया। उनके द्वारा प्रस्तुत युग संगीत के भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। संगीत की मधुर लहरियों और गायत्री मंत्र की गूंज से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा।इस अवसर पर ब्रह्मवादिनी बहनों और देवतुल्य भाइयों सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के परिजन एवं आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु उपस्थित थे।

सभी ने यज्ञ भगवान को श्रद्धापूर्वक आहुतियां समर्पित कर लोक कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की। दिलेश्वर मढरिया ने बताया कि इन नौ दिनों तक साधकों ने आत्म-परिष्कार और विश्व शांति के लिए विशेष अनुष्ठान किए। अखंड दीप की ज्योति ने न केवल मंदिर को आलोकित किया, बल्कि साधकों के भीतर ज्ञान और भक्ति का संचार भी किया। कार्यक्रम का समापन दोपहर 11 बजे शांति पाठ और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# महिलाएं सिख रही पैरा आर्ट का हुनर, बनेंगी आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




जिला पंचायत अंतर्गत जिला पंचायत संसाधन केंद्र में इन दिनों कला एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 8 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर में ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पैरा आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें वे पैरा के माध्यम से पेंटिंग, पोर्ट्रेट सहित विभिन्न कलात्मक गतिविधियां सीख रही हैं। शिविर में महिलाएं उत्साहपूर्वक भाग लेकर नई-नई कलाएं सीख रही हैं जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करना है, ताकि वे अपनी कला को आय का माध्यम बना सकें। शिविर में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे प्रतिभागी भविष्य में स्वयं का रोजगार स्थापित करने में सक्षम हो सकें। यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कला और संस्कृति के संरक्षण के लिए भी यह एक सशक्त माध्यम बनकर उभर रही है।

### भाजपा सदस्यों ने की गौरीशंकर अग्रवाल से मुलाकात

**सेल।** भाजपा मंडल कसडोल के कार्यकर्ताओं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर आर्शीवाद प्राप्त किया। निज निवास स्वर्णभूमि रायपुर में नगर पंचायत कसडोल पार्षद प्रतिनिधि जानू यादव, भाजपा कार्यालय प्रभारी गोपाल साहू, पार्षद रामा धीवर, पार्षद अजय साहू, पार्षद सुंदर साहू एवं सनी यादव ने सौजन्य भेंट की एवं गुलदस्ता भेंट कर से आशीर्वाद लिया।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कुर्रा में ज्योति जंवारा विसर्जन आज

**बंगोली**। कुर्रा में रुपेश यादव, तुलसी यादव, गिरधारी यादव सहित समस्त यादव परिवार द्वारा अपने निवास में चैत्र नवरात्रि पर्व पर माँ जगत जननी जगदंबे की ज्योति जंवारा, फुलवारी का स्थापना कर समस्त यादव परिवार व जस सेवा समिति के सदस्यों द्वारा जसगीत, पचरा गाकर माता सेवा, पूजा अर्चना की गई, जिसका विसर्जन शनिवार को ग्राम के शीतला तालाब में किया जायेगा।

### आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 17 तक

**बलौदाबाजार**। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ में संचालित राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय योजना के तहत सत्र 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन भरने की अतिम तिथि 17 अप्रैल रात्रि 12 बजे तक निर्धारित है। ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र में विद्यार्थी द्वारा त्रुटि सुधार 18 से 21 अप्रैल रात्रि 12 बजे तक कर सकते हैं।प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 10 मई है।

### पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटा भाजपा ने जताया आभार

**बलौदाबाजार**। भाजपा के जिला



अध्यक्ष आनंद यादव ने पेट्रोल और डीजल पर भारी कटौती करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं पूरी केन्द्र सरकार के प्रति छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से आभार माना है और इस ऐतिहासिक फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने ईंधन पर उत्पाद शुल्क में भारी कटौती की है। पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपए घटाकर मात्र 3 रुपए कर दिया गया है, जबकि डीजल पर शुल्क पूरी तरह समाप्त कर शून्य कर दिया गया है।भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि वैश्विक संकट के इस दौर में भी केन्द्र सरकार ने यह निर्णायक कदम सुनिश्चित किया है कि आम उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त बोझ न पड़े। पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम होने से इसका लाभ देश की 140 करोड़ जनता को होगी।

### पिकअप की टक्कर से महिला की मौत

**महासमुंद**। किराना दुकान से सामान लेकर लौट रही ग्राम अंकोरी की एक महिला की पिकअप की चपेट में आने से मौत हो गई। मामले में बसना पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम अंकोरी की मथुरा सिदार 26 मार्च की सुबह किराना दुकान से सामान लेकर पैदल घर जा रही थी, करीब 8 बजे सुबह ताड़ापारा रोड के पास पीछे से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक ओडी 17 एबी 0488 के चालक द्वारा अपने वाहन को खतरनाक ढंग से एवं तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पैदल चल रही मथुरा सिदार को पीछे से ठोकर मारकर एक्सींडेंट कर दिया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 एलकेएस, 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## बंगोली में ज्योति जंवारा का विसर्जन



**बंगोली**। चैत्र नवरात्रि पर ग्राम बंगोली में मां महामाई मंदिर में ज्योति जंवारा, फूलवारी की स्थापना की गई, जिसकी राम नवमी दिवस पर मॉ शितला तालाब में विसर्जन किया गया।

## भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास का संगम



**भाटापारा**। रामनवमीं पर नगर में धार्मिक आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर नगर सहित ग्राम खोखली में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ हुआ। ग्राम खोखली में आयोजित सार्वजनिक जोत-जवारा विसर्जन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर के विभिन्न वार्डों में आयोजित जवरा विसर्जन कार्यक्रमों में भी श्रद्धालुओं की व्यापक सहभागिता रही। जंवरा विसर्जन पर महावीर वार्ड की पार्षद दीपा दशरथ साहू के साथ श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी वितरण कर सेवा कार्य भी संपन्न किया गया।

**पर्व : शंख ध्वनि और घंटों की गूंज से गुंजायमान हुआ मंदिर परिसर, छप्पन भोग व प्रसाद वितरण**

# नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर में मनाई रामनवमी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लवन

नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी मनायी गई। इस दौरान मंदिर परिसर भगवान राम के जयकारों से गुंजायमान रहा। परंपरा के अनुसार ठीक दोपहर 12 बजे जैसे ही भगवान राम के अवतरण का समय हुआ, मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना शुरू की गई। शंख ध्वनि और घंटों की गूंज के बीच भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। इसके पश्चात भव्य मध्याह्न आरती उतारी गई और भगवान को छप्पन भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। जन्मोत्सव पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रभु के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के सर्वाकार अखिलेश मिश्रा ने बताया कि शाम 7 बजे से मंदिर परिसर में सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ का भव्य आयोजन किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल होंगे।





## सनातनी धर्म सेना ने निकाली शोभायात्रा, आज होगा भंडारा

**भाटापारा**। धर्म सेना के तत्वावधान में रामनवमीं पर 26 मार्च को शोभायात्रा निकाली गई। महासती मंदिर से शाम 5 बजे शुरू होकर शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली। शोभायात्रा के भारत माता चौक पहुंचने पर भगवान राम एवं भारत माता की आरती के साथ जमकर आतिशबाजी की गई। मंच से नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि भाटापारा में सभी प्रकार के धार्मिक आयोजन सनातनी धर्म सेवा के तत्वावधान में होते आ रहे हैं। वहीं आयोजन समिति के सदस्य अभिषेक उपाध्याय ने कहा कि भगवान राम के चरित्र को अपने से ही राम राज्य की संकल्पना पूर्ण होगी। गौ माता की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होना होगा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर विभिन्न समाजों एवं संगठनों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से गुजरते हुए गोविंद चौक, रामसत्ता चौक, जय स्तंभ चौक, फवारा चौक मार्ग होते हुए महारानी चौक स्थित हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा के साथ समापन हुआ। इस बार विशेष आकर्षण के रूप में भगवान राम की आदमकद मूर्ति आकर्षण का केंद्र बनी रही। इसके साथ ही रामदरबार सजीव झांकियां भी निकाली गई। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा,अभिषेक उपाध्याय (बंटी) सहित बड़ी संख्या में लोग शोभायात्रा में शामिल हुए।



### रामनवमी के हवन में शामिल हुए ग्रामीण

**सेल**। गांव में रामनवमी पर महामाया मंदिर परिसर में सरपंच परिवारों ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। सरपंच पंच ने नौ कन्याओं भोजन कराकर चैत्र नवरात्रि पर्व का समापन हुआ। रामनवमी के मौके पर महामाया दाई के मंदिर परिसर में दोपहर 12 बजे हवन पूजन कार्यक्रम का शुरुआत की गई। पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया गया है। महामाया मंदिर परिसर में स्वाहा स्वाहा से गांव गूंजने लगा था। गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ था। माता का विशेष रूप से पूजा अर्चना कर आशिर्वाद लिया जा रहा था। गांव में धर्म कर्म माहौल बना हुआ था। पं. भूपेंद्र कुमार दुबे सर्वानी वाले थे व गांव का बैगा मनाराम वर्मा, हवन पूजन कार्यक्रम के बाद नौ कन्याओं चरण धोया और महुर रंग रचाया गया था। खीर, पूरी, चुनरी ओढ़ाकर श्रृंगार भेंट किया गया है। महामाया दाई मंदिर और गुड़ी चौंक में नौ कन्याओं खीर पूरी सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। माता का जयकारे लगाये गये। चैत्र नवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए जोत प्रज्वलित किया है। भक्तों ने अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए व्रत रखा गया था। रामनवमी पर उपवास तोड़ा गया।



### शोभायात्रा का विधायक इन्द्र साव सहित कांग्रेसजनों ने किया स्वागत

**भाटापारा**। रामनवमीं पर नगर में भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा का विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। विधायक ने भगवान राम की पूजा अर्चना कर लोगो को बधाई देते हुए नगरवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। विधायक साव ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और नगर में अमन चैन सुख शांति समृद्धि की कामना की। इस शोभा यात्रा का अन्य विभिन्न स्थानों पर भी जोरदार स्वागत किया गया। पूरे शहर में धार्मिक उल्लास, भक्ति और सांस्कृतिक रंग देखने को मिले। इस शोभायात्रा का विधायक इंद्र साव के साथ स्वागत करने वालों में, दिवाकर मिश्रा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सतीश अग्रवाल, सुकृत साहू,आलोक मिश्रा, गौरी भृगु, चंद्रशेखर चक्रधारी, ठाकुर राम साहू, आदि मौजूद थे।



# विप्र महिलाओं को शिक्षा व कला क्षेत्र में मिला शिखर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

- राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने डॉ. वर्षा शेखर शर्मा कसडोल को किया सम्मानित

वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छग एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद द्वारा नवरात्रि पर छत्तीसगढ़ की विभिन्न विधा के ख्यातिलब्ध विप्र नारी शक्ति का महिला शिखर सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 21 मार्च को वृन्दावन हॉल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित अतिथिगण लक्ष्मी वर्मा सांसद राज्यसभा, मीनल चौबे महापौर रायपुर, शताब्दी पाण्डेय भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष बाल आयोग अर्चना झा डिप्टी कमिश्नर ऑफ पोलिस रायपुर द्वारा किया गया। लक्ष्मी वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महिला शक्ति को जागरूक करते हुए विभिन्न रोजगार के विषय में बताया। मीनल चौबे ने नारी की शक्ति व स्वयं के कार्यों व चुनौतियों के बारे में बताया। शताब्दी पाण्डेय ने नारी शक्ति को नारायणी कहते हुए घर परिवार और राष्ट्र के एकता के बारे में बताया. अर्चना झा ने सभी नारी शक्ति के अंदर छुपे हुए हुनर को जागने और आत्मबल बढ़ाने पर चर्चा की।

प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा एवं महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से समाज में उलेखनीय कार्य हेतु चयनित 33 विप्र नारी शक्ति का शॉल, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र एवं पुष्प गुच्छ देकर आतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया, जिनमें से कसडोल बलौदाबाजार से आमंत्रित संस्कृत व्याख्याता डॉ. वर्षा शेखर शर्मा को उपस्थित अतिथियों के करकमलों से शिक्षा व कला के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। सफल मंच संचालन नमिता शर्मा, अरविन्द ओझा एवं धन्यवाद ज्ञापन अविनय दुबे ने किया।



# सहायक उप निरीक्षक मनीष वर्मा को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

पुलिस कार्यालय सभा कक्ष में सहायक उप निरीक्षक मनीष वर्मा का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस कार्यालय में रीडर-1 के रूप में कार्यरत मनीष वर्मा का स्थानांतरण डायल-112 रायपुर हुआ है। सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा मनीष वर्मा को प्रशस्ति पत्र, शाल, श्रीफल तथा उपहार भेंट किया गया। कार्यक्रम में भावना गुप्ता द्वारा मनीष वर्मा के रीडर-1 के रूप में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए, सदैव लगन, मेहनत एवं तत्परता पूर्वक कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# पांच दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा आज से

**सुहेला** । ग्राम खपराडीह में 28 मार्च से 01 अप्रैल तक पांच दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 28 मार्च को दोपहर 2 बजे मंगल जल कलश यात्रा के साथ होगा। इसके पश्चात विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान एवं प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। 29 मार्च को संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा, 30 मार्च को ज्ञान, कर्म और भक्ति पर विशेष प्रवचन, तथा 31 मार्च को अवतार परंपरा एवं गायत्री मंत्र की महिमा पर चर्चा होगी। इसी दिन शाम 6 बजे दीप महायज्ञ भी संपन्न होगा। कार्यक्रम के दौरान सरपंच गजेंद्र वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को संस्कारों से जोड़ते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। समापन 1 अप्रैल को देवपूजन यज्ञ, विभिन्न संस्कारों के आयोजन, विसर्जन, टोली की विदाई एवं प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा। आयोजकों द्वारा क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे अपने परिवार एवं मित्रों सहित इस पावन आयोजन में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

## निःशुल्क पुस्तक वितरण से छात्रों में खुशी

**खरोरा**। नवा केरला पब्लिक स्कूल खरोरा द्वारा नए शैक्षणिक सत्र पर विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गईं। इस पहल का उद्देश्य सभी छात्रों को समय पर अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी पढ़ाई को सुचारू रूप से शुरू कराना है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि सभी कक्षाओं की पुस्तकें विद्यालय में उपलब्ध हैं। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय पर विद्यालय पहुंचकर अपने बच्चों की कक्षा अनुसार पुस्तकें प्राप्त कर लें। पुस्तक वितरण कार्यक्रम से छात्रों एवं अभिभावकों में उत्साह देखा गया। अभिभावकों ने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इससे विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिलेगी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ छात्रों की आवश्यकताओं का ध्यान रखना उनकी प्राथमिकता है।






**केसरवानी समाज ने आयोजित की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता**

# घरघोड़ा की टीम ने जीती बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

केसरवानी समाज तरुण सभा, बलौदाबाजार के तत्वावधान में रात्रिकालीन प्रदेश स्तरीय बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ 15 मार्च को प्रदेश अध्यक्ष निलेश केसरवानी, महिला प्रदेश अध्यक्ष रेखा केसरवानी एवं तरुण सभा प्रदेश अध्यक्ष मधुकर केसरवानी के करकमलों से हुआ। कार्यक्रम में बलौदाबाजार व भाटापारा सहित विभिन्न नगरों के अतिथियों एवं समाज जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 16 टीमों ने भाग लिया, जिन्हें चार समूहों में विभाजित कर लीग मैच कराए गए। प्रत्येक समूह से दो टीमें आगे बढ़ीं और इसके बाद नॉकआउट चरण में मुकाबले हुए। आयोजन के दौरान बाहर से आई टीमों के लिए भोजन एवं आवास की समुचित व्यवस्था की गई।

प्रतिदिन विभिन्न नगर सभाओं के पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों एवं मातृशक्ति का भी सम्मान किया गया। छठवें दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.एन. केसरी सहित कई राष्ट्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।





### विजेता टीम को 31 हजार एवं शील्ड मिला

24 मार्च को खेले गए फाइनल मुकाबले में घरघोड़ा ने बलौदाबाजार-1 को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 31 हजार एवं शील्ड तथा उपविजेता को 21 हजार एवं शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर सभा, महिला सभा एवं तरुण सभा के पदाधिकारियों और सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य समाज के युवाओं में एकता, जागरूकता और संगठन की भावना को मजबूत करना है।

